# राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने पर मनाया गया गौरव दिवस

**सारंगढ़ के खरवानी छोटे के गौठान में हुआ छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आज राज्य में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ छत्तीसगढिया संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हमारे अन्नदाता खुशहाल हैं। स्वावलंबी बन



रही महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक है। यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों ने विकसित, समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना देखा था। आज यह सपना साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सीधे मंत्रालय जाकर 19 लाख किसानों के लगभग 11 हजार करोड़ रूपए की ऋण माफी और 2500 रूपए में धान खरीदी का फैसला लिया। इस फैसले के साथ ही न्याय का जो सफर प्रारंभ हुआ था वह आज भी जारी है।

नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सारंगढ़ के खरवानी छोटे के ग्राम पंचायत के गौठान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े रही। विधायक जांगड़े ने पिछले 4 साल में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उपलब्धियों के बारे में बताया एवं सभी को गौरव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौक पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी भी उपस्थित थी।

विधायक जांगड़े ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार को बने चार साल हो गए। इन चार सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हुआ है। प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों के समुचित विकास के पुरखों के सपने को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों का ऋण माफी भी किया और धान के समर्थन मूल्य के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी देने की व्यवस्था की। शासन द्वारा शुरू किये गए आजीविका मूलक गतिविधियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाली योजनाओं और समावेशी विकास के मॉडल को अन्य राज्य अपनाने में लगे हुए हैं। हमारी सरकार द्वारा न केवल धान खरीदी का काम किया बल्कि कोदो, कुटकी, रागी जैसे लघु धान्य फसलों की भी खरीदी की जा रही है। इस मौके पर विधायक जांगड़े ने गौठान समिति और समूह के सभी सदस्यों को शाल और पुष्प से सम्मानित किया। इस मौके पर अरूण मालाकार, एसडीएम मोनिका वर्मा, गौठान समिति के सदस्य, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**जिले के विभिन्न गौठानों में मनाया गया गौरव दिवस**

जिले के विभिन्न गौठानों में आज शासन के निर्देशानुसार गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें ग्राम के गौठान समिति अध्यक्ष एवं सदस्य, महिला समूह, युवा मितान, पंचायत सचिव, वनरक्षक एवं ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे। जिसमें गौठान से संबंधित जानकारी और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया।

## सात संतो एवं गुरु खुशवंत साहेब की अगुवाई में निकली भव्य सतनाम शोभायात्रा

**मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया सपत्नीक शामिल हुए शोभायात्रा में**

**15 लाख रूपये की लागत से निर्मित मिनिमाता भवन का लोकार्पण**

**शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों ने किया जगह-जगह स्वागत**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के आरंग नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतमानी समाज विकासखंड आरंग के द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के 266 वीं जन्मोत्सव के सम्मान में आज विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा सात संतो व धर्म गुरु खुशवंत साहेब की अगुवाई तथा मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया व शकुन डहरिया की उपस्थिति में नव निर्मित मिनिमाता भवन से शुरू होकर अकोलीरोड, बस स्टैंड, नेताजी



चौक से थाना व नगरपालिका कार्यालय के सामने से होते हुए हरदेवलाल बाबा चौक, महामाया पारा चौक, इंदिरा चौक होते हुए कालेज चौक स्थित सतनाम मंगल भवन में पहुंची। जहां समाज के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। सभा में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में शकुन डहरिया के साथ सम्मिलित हुए तथा धर्म गुरु खुशवंत साहेब भी सभा में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना की गई और जोड़ा जैतखाम में अतिथियों के द्वारा पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात गुरु खुशवंत साहेब के द्वारा समाज को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार डहरिया ने समाज को बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चल कर अपने घर, परिवार ,समाज, प्रदेश व देश की सेवा करने की अपील की और समाज को शिक्षा की ओर और आगे ले जाने की जरूरत बताई। उन्होंने अकोलीरोड़ में 15 लाख रूपये की लागत से नव निर्मित मिनीमाता भवन का लोकार्पण किया। बाउंड्री वॉल एवं पेय जल हेतु बोर खनन की घोषणा की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. घनश्याम टंडन, डॉ. विष्णु भारद्वाज, किशन भारद्वाज, गिरधर कोशले, दुर्गा राय, आजू राम वंशे, संजय चेलक, यशवत टंडन, पुष्पा पिंटू कुर्रे, विकास टंडन, हृदयलाल जांगड़े, अनिल सोनवानी, देवराज जांगड़े, बेदराम खूंटे, गणेश बांधे, किशन भारद्वाज, झनक आवडे, टिकेश्वर गिलहरे, चम्मन कोशले, ललित ढिढी, धरम टंडन, राजेश बारले, सत्येंद्र चेलक, अशोक बंजारे, सुंदर जोगी, अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, परमानंद जांगड़े, देवचरण देशलहरे, चंद्रशेखर चंद्राकार अध्यक्ष नगरपालिका आरंग, खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, भारती देवांगन, ओमप्रकाश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत मंदिर हसौद, देवनाथ साहू अध्यक्ष आरंग मंडी, राजेश्वरी साहू, मंगलमूर्ति अग्रवाल, भरत लोधी, उपेंद्र साहू, गौरी बाई देवांगन, सूरज सोनकर, शरद गुप्ता, दीपक चंद्राकार, राममोहन लोधी, भीम मनहरे, एवन बंजारे, सुशील आवड़े, संगीता पाटले, विभा बंजारे गोमती राजित्री सहित हजारों की संख्या में सतनामी समाज की महिला, पुरुष, युवा, बच्चे बुजुर्ग तथा संत समाज उपस्थित थे।

## मितानिनों ने डायरिया प्रभावित क्षेत्र खुर्सीपार के 115 घरों का भ्रमण कर वितरित की दवाइयां

**दुर्ग (आरएनएस)।** 15 एवं 16 दिसंबर 2022 को खुर्सीपार क्षेत्र के शिवाजी नगर, जिला दुर्ग में डायरिया (उल्टी, दस्त) की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सतीश कुमार मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी दुर्ग एवं रितीका सोनवानी जिला एपिडेमोलॉजिस्ट, स्थानीय कार्यालय, दुर्ग तथा शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, भिलाई, सेक्टर सुपरवाईजर एवं ए.एन.एम. मितानिन के द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 115 घरों का भ्रमण कर जानकारी ली गयी। जिसमें 04 नये उल्टी दस्त के मरीजों की पहचान कर दवा दी गयी एवं एक मरीज को सिविल अस्पताल, सुपेला में भर्ती कराया गया। 70 जिंक, 71 ओ.आर.एस. पैकेट, 700 क्लोरिन टेबलेट 20-मेट्रोनिडॉजाल का वितरण किया गया एवं लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी जानकारी जैसे पानी उबालकर ठंडा कर पीने, खाने के वस्तुएं ढंककर रखे, बासी भोजन न खायें, खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन एवं पानी से हाथ अवश्य धोने की सलाह दी गयी। नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा पानी जाँच हेतु सैम्पल लिया गया। संक्रमित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण किया गया एवं गंभीर मरीजों को हायर सेन्टर रिफर करने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है। 12 से 16 दिसंबर तक कुल 24 मरीज प्रभावित थे, जिनमें से 02 जिला अस्पताल, दुर्ग, 02 सिविल अस्पताल, सुपेला व 01 आईएमआई, खुर्सीपार में भर्ती है।

## नवजात शिशु के इलाज के लिए महज आधे घंटे में बना राशन कार्ड

**कवर्धा (आरएनएस)।** निजी चिकित्सालय मे प्रसव पश्चात आपातकालीन चिकित्सा के लिए चिकित्सालय में भर्ती लेखनी पति विनोद ग्राम झंडी ग्राम पंचायत बांधा




तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम को इलाज के लिए राशन कार्ड की आवश्यकता होने पर युवा कार्यकर्ता किरोत साहू ने कवर्धा छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद अकबर के स्थानीय कार्यालय में उनके निज सहायक कीर्तन शुक्ला से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया. कीर्तन शुक्ला ने प्राथमिकता के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी बोड़ला मनीष भारती से नवीन राशन कार्ड हेतु अनुशंसा पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त किया और समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ जिला खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम को मैसेज प्रेषित करते हुए महज आधे घंटे में नया राशन कार्ड बनवा कर आवेदिका के पति विनोद कुमार को प्रदान कर दिया. आवेदिका को तुरंत राशन कार्ड जारी हो जाने से उसे और उसके नवजात शिशु को इलाज में समुचित सहायता मिलेगी. विधायक कार्यालय की इस त्वरित मानवीय पहल पर परिजनों ने मंत्री मोहम्मद अकबर का हृदय से धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में बनने वाले गांधी सेवा ग्राम स्थल का किया निरीक्षण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर में महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप बनने वाले 'गांधी सेवा ग्राम' स्थल का निरीक्षण किया। नवा-रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम के लिए 75 एकड़ की जमीन चिन्हांकित की गई है। इसे ग्रामीण परिवेश के रूप में विकसित किया जाएगा। गौरतलब है कि लोक सभा सांसद राहुल गांधी ने 3 फरवरी 2022 को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गांधी सेवा ग्राम की आधारशिला रखी थी। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की परंपरागत ग्रामीण भवन शैली की झलक दिखेगी। निर्माण कार्यों में



स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग होगा। यहां की सडक़े भी ग्रामीण परिवेश के अनुरूप होंगी। सेवा ग्राम तक पूरा क्षेत्र हरियाली से भरपूर रहेगा। सेवा-ग्राम के निर्माण में मिट्टी, चूना, पत्थर जैसी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करते हुए किया जाएगा। सेवाग्राम में गांधीवादी सिद्धांतों, ग्रामीण कला और शिल्प के केंद्र विकसित किए जाएंगे, जहां अतिथि विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। यहां छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं को प्रोत्साहन साथ ही वहां वृद्धाश्रम तथा वंचितों के लिए स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे। बुजुर्गों को दूसरा घर देकर और वैचारिक आदान-प्रदान की सुविधा होगी। साथ ही विजिटर्स सेंटर और गांधी के सिद्धांतों को स्मरण करने का केंद्र होगा। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट कला और शिल्प कला भी दिखेगी। यहां के विभिन्न कार्यों बस्तर, रायगढ़ और अन्य जिलों में बेल मेटल, लौह, टेराकोटा, पत्थर, कपड़े और बांस का उपयोग करके विभिन्न कलात्मक वस्तुओं से सजाया जाएगा।'गांधी सेवा ग्राम' में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आत्मनिर्भर-ग्राम की कल्पना को साकार करने के लिए सभी प्रकार के कारीगरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विधायक धनेन्द्र साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गर्लफ्रैंड को परेशान करने पर युवक ने की प्राचार्य की हत्या

**थाने पहुंचकर किया सरेंडर**

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात घर में घुसकर प्राचार्य की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी उपेंद्र कौशिक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि प्राचार्य गर्लफ्रेंड को परेशान करता था इसलिए गुस्से में उसने प्राचार्य प्रदीप श्रीवास्तव की हत्या कर दी।

घटना तारबाहर थाना क्षेत्र की है. दरअसल, प्रिंसिपल प्रदीप श्रीवास्तव की गुरुवार रात 11 बजे घर के बाउंड्रीबाल के अंदर पोर्च में किसी ने सर में हमला कर ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी. प्रिंसिपल के चिंखने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे. प्राचार्य खून से लथपथ पड़े हुए थे, जिसके बाद पड़ोसियों ने इसकी सूचना पत्नी अनिता श्रीवास्तव को दी. वो घटना के समय घर की ऊपरी मंजिल में सो रही थी. प्रदीप श्रीवास्तव का घर दो मंजिला है, जिसमे शिक्षक दंपति व उनके बच्चों का कमरा ऊपरी मंजिल में ही है. हालांकि उनके बच्चे अभी बाहर पढ़ रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल, सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल, तारबाहर थाना प्रभारी मनोज नायक, सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी मौके पर पहुंचे. इधर पुलिस हत्या के आरोपी को तलाश कर ही रही थी कि हत्यारा खुद ही सरेंडर करने पुलिस के पास पहुँच गया. सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के हरदीकला निवासी उपेंद्र कौशिक (24) पिता विश्राम कौशिक ने पुलिस को बताया कि प्रदीप श्रीवास्तव उसकी गर्लफ्रैंड को परेशान करता था इसलिए गुस्से में आकर प्रदीप श्रीवास्तव के घर जाकर उसकी हत्या कर दी. उपेंद्र कौशिक बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र के जोरापारा में रूम किराया लेकर रहता था।

आरोपी ने एमएससी फिजिक्स किया था, जिसके बाद वह पेटीएम में सेल्स एक्जक्यूटिव का काम करता था. कुछ दिनों पहले उसकी गर्लफ्रेंड की बहन का जन्मदिन था, जिसके सेलिब्रेशन के लिए उसने सीएमडी कॉलेज के ही एक प्रोफेसर के घर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए रसोई के सामान, आटा व दाल आदि को पार कर दिया था पर बाद में प्रार्थी के द्वारा समझौता हो जाने के चलते एफआईआर दर्ज नही करवाई. बताया जाता है कि जिस प्रोफेसर के घर चोरी की गई थी उस प्रोफेसर को इसकी भनक लग गयी थी, जिसके बाद आरोपी उपेंद्र ने नुकसान की भरपाई कर एफआईआर दर्ज न करवाने के लिए समझौता कर लिया था।

## गोधन न्याय योजना से महिलाओं ने केंचुआ बेचकर कमाये 8.95 लाख रुपए

**चंद्रमुखी समूह की महिलाएं कर रहीं केंचुआ उत्पादन, सरगुजा और रायगढ़ से भी आते हैं केंचुआ खरीददार**

**दो वर्ष में 30 क्विंटल से ज्यादा केंचुआ का उत्पादन, महिलाओं की आर्थिक स्थिति हो रही मजबूत**

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में लगातार सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत चिर्रा की चंद्रमुखी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा 30 क्विंटल 20 किलो केंचुआ उत्पादन किया गया है। महिलाओं ने उत्पादित केंचुआ को विभिन्न गोठानो में बेचकर आठ लाख 95 हजार रुपये कमाये हैं। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से वह खुश हैं। सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने बताया कि गोधन न्याय योजना से जहां लोगों को 2 रुपये किलो की दर से गोबर बेचकर आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाएं गोठानो में वर्मी खाद बनाकर, केचुआ उत्पादन करके लाभ कमा रहीं है। इन गतिविधियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।



चंद्रमुखी समूह की अध्यक्ष ललिता देवी राठिया ने बताया कि उनके समूह में 10 महिला सदस्य हैं जो कि सभी गोठान में वर्मी खाद बनाने के साथ ही केंचुआ उत्पादन का कार्य करती हैं। समूह के द्वारा वर्ष 2021 में करीब 15 क्विंटल 80 किलो केंचुआ उत्पादन किया गया था, जिसे 250 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से जिले सहित सरगुजा एवं रायगढ़ जिला के गोठान नोडल अधिकारियों ने आकर खरीदा। इससे समूह को 3 लाख 95 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। अप्रैल से अक्टूबर 2022 तक 13 क्विंटल 60 किलो केंचुआ उत्पादन किया गया जिसे जनपद पंचायत कटघोरा, पोड़ी उपरोडा, वन विभाग विभाग आदि को बेचकर 3 लाख 40 हजार रुपये अर्जित किए। नवंबर 2022 में 80 किलोग्राम शुद्ध केचुआ दो हजार रुपये प्रति किलोग्राम की दर से जिले की विभिन्न गोठानो, वन विभाग तथा रायगढ़ जिला के गोठान नोडल अधिकारियों ने चिर्रा गोठान से खरीदा है जिससे समूह को 1 लाख 60 हजार प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार गोधन न्याय योजना के प्रारंभ से लेकर आज तक चंद्रमुखी समूह द्वारा 30 क्विंटल 20 किलो केंचुआ उत्पादन किया गया है। जिसे बेचकर 8 लाख 95 हजार रुपए कमाए है। जिसमें से समूह के 10 महिला सदस्यों ने 50 - 50 हजार रुपये आपस बांटे हैं। शेष करीब 3 लाख 95 हजार रुपये समूह के पास जमा है। समूह के महिला सदस्यों का कहना है कि गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत ही लाभकारी योजना है जिससे हम ग्रामीण महिलाओं को गांव में ही आजीविका के साधन प्राप्त हो रहे हैं और हम स्वावलंबी बन रहे है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाबा गुरू घासीदास ने दुनिया को सामाजिक सद्भाव का रास्ता दिखाया - मुख्यमंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की 18 दिसम्बर को जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने गुरू घासीदास के उपदेशों और शिक्षा को याद करते हुए कहा है कि बाबा गुरू घासीदास ने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य एक समान हैं। बाबा ने मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनस्थापना की। बघेल ने कहा कि गुरू घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं।

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** बाइक सवार की सडक़ हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक बाइक चला रहा था। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। गंभीर चोट आने के कारण बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम बिटालखौली थाना धनोरा जिला कोंडागांव निवासी महेश मंडावी ने पुलिस को बताया कि वह करीब डेढ़ माह से तारण तरण ट्यूबवेल कंपनी पिथौरा में काम कर रहा है। इसके साथ ग्राम करमरी थाना धनोरा जिला कोंडागांव निवासी मनीष मंडावी, महेश टेकाम, विनेस नाग एवं रमसु सलाम भी काम करते हैं। 13 दिसंबर को ग्राम सिंगारपुर से काम कर वापस पिथौरा जा रहे थे। सुरेश मरावी बाइक सीजी 06 जीएस 1413 से बोर गाड़ी के पीछे-पीछे आ रहा था। ग्राम बड़े लोरम के पास सुरेश नहीं दिखा तो बोर गाड़ी के साथियों ने उनका इंतजार किया। नहीं आने पर पीछे सिंगारपुर की तरफ पता करने बढ़े, तो सिंगारपुर के बीच मोड़ के पास सुरेश मरावी की खेत में लाश मिली। बाइक को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए खेत में उतार दिया। इससे उनकी मौत हो गई।

### पूर्व विवाद को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा में तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्यामनगर तेलीबांधा निवासी प्रार्थी पूरन जयसिंह 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजा कन्वरे, मनोज व नानची पटेल ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी को तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि धनंजय साहू 23 वर्ष निवासी बलाईगढ़ जिला बलौदा बाजार ने प्रार्थिया को विवाह करने का प्रलोभन देकर उसे तेलीबांधा रायपुर स्थित एक होटल में लाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करते रहा तथा कुछ दिनों बाद विवाह करने से इंकार कर दिया एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को धारा 376(2)(एन), 506, 366 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU